HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN
BENCH AT JAIPUR

S.B. Civil Miscellaneous Appeal No. 1173/2025

M/s Haritwal Motors

----Appellant

Versus

M/s Precious Buildmart Pvt. Ltd.

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Mohit Khandelwal, Adv. with<br>Mr. Pranav Sharma, Adv.<br>Mr. Keshav Dadhich, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. Ramkishan Sharma, Adv. for<br>Mr. Raj Kumar, Adv. |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Judgment / Order**

**10/03/2025**

प्रत्यर्थी क्रम–1 से 3 की ओर से अधिवक्ता श्री राजकुमार द्वारा उपस्थिति दी गई। प्रत्यर्थी क्रम–4 को सामान्य प्रक्रिया के साथ–साथ रजिस्टर्ड डाक से नोटिस जारी किये जावें।

अंतरिम आदेश पर सुना गया।

विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी/प्रार्थी का निवेदन है कि विवादित भूमि के संबंध में प्रत्यर्थी क्रम–1 के लिए प्रत्यर्थी क्रम–2 व 3 निदेशक द्वारा दिनांक 09.04.2014 को विक्रय अनुबंध निष्पादित करते हुए संपूर्ण प्रतिफल राशि प्राप्त कर ली थी, लेकिन बाद में अनुपालना से इंकार कर दिया जिसका वाद विचारण न्यायालय में लंबित है। उनका यह भी निवेदन है कि प्रत्यर्थी क्रम–2 व 3 ने उपरोक्त अनुबंध पर अपने हस्ताक्षर होना स्वीकार किया है।

विद्वान अधिवक्ता प्रत्यर्थी क्रम–1 से 3 का निवेदन है कि वास्तव में अपीलार्थी से कुछ रकम उधार प्राप्त की गई थी तथा

सिक्योरिटी पेटे केवल हस्ताक्षर करके कुछ कागजात दिये थे, जिनका दुरूपयोग करते हुए विक्रय अनुबंध अपीलार्थी द्वारा तैयार किया गया है। उनका यह भी निवेदन है कि विवादित भूमि खसरा नंबर 46 अन्य व्यक्तियों को अंतरित की जा चुकी है तथा खसरा नंबर 47 पर आवासीय कॉलोनी विकसित हो चुकी है।

संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए प्रत्यर्थीगण को यह आदेश दिया जाता है कि वे आगामी आदेश तक विवादित संपत्ति (भूमि) के संबंध में मौके व रिकॉर्ड की यथास्थिति बनाये रखे।

कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि विचारण न्यायालय का अस्थायी निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र का अभिलेख तलब किया जावे।

प्रकरण दिनांक 03.04.2025 को पुनः सूचीबद्ध किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

DINESH KUMAWAT /23